झारखण्ड सरकार

मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

राँची,दिनांक– **22.01.2020**

मुख्यमंत्री सचिवालय रांची
विज्ञप्ति संख्या - 82/2020
22 जनवरी 2020
रांची
====================
मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन से भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के विशेष सचिव श्री संजीव कुमार ने भेंट कर सन 2025 तक देश से टीबी रोग के पूर्णतः उन्मूलन किये जाने के अभियान पर चर्चा की।

राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में भाग लेगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में भाग लेगी। राज्य के आदिवासी तथा अन्य पिछड़े हुए क्षेत्रों में इस रोग को चिन्हित करने तथा इसके पूर्ण उन्मूलन के लिए गम्भीरता से अभियान चलाएगी। मुख्यमंत्री ने राज्य में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा आम लोगों तक उपलब्ध कराये जाने पर के संदर्भ में भारत सरकार से अपेक्षित सहयोग की भी अपेक्षा की।

बैठक में भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के विशेष सचिव श्री संजीव कुमार के साथ तथा टीबी उन्मूलन कार्यक्रम से संबंधित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। राज्य सरकार से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रधान सचिव डॉ नितिन मदन कुलकर्णी तथा मुख्यमंत्री के ओएसडी श्री गोपाल जी तिवारी भी बैठक में उपस्थित थे
###
=================
#Team PRD (CMO)